## एक नजर में

### नगर में निकला ऐतिहासिक पथ संचलन

**बड़नगर।** संघ के शताब्दी वर्ष पर संघ देश भर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में संघ ने बड़नगर में इतिहास रचते हुए पूरे नगर का एक संचलन निकाला गया। रविवार सुबह 8 .30 बजे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सांदीपनि विद्यालय के प्रांगण में संघ के स्वयं सेवकों के शारीरिक कार्यक्रम सामूहिक एकरुपता से किया गया। तत्पश्चात उज्जैन के पारस गहलोत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ के स्वयंसेवकों पर प्रतिबंध लगने के बाद संघ दुगनि चौगुनी गति से आगे बढ़ा है। आज पूरे विश्व में संघ का सिक्का चल रहा है। किंतु संगठन कभी अपना सिक्का चलाने का कार्य नहीं किया है। संघ का समाज में विलय का समय अब आ गया है। मंचासिन अधिकारियों में मुख्य अतिथि डॉ .नेहा नरेंद्र डोडिया एवं नागदा जिला संघ चालक प्रकाश पाटीदार रहे। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई सांदीपनि विद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ हो कर नयापुरा, गांधी चौक, धान मंडी, जय स्तंभ होते हुए जूना शहर, शांति निकेतन चौराह, नगर पालिका गेट, संगम चौराह से होता हुआ विद्यालय प्रांगण में पहुंचा। पूरे मार्ग में 200 से अधिक सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक संस्थानों द्वारा भव्य संचलन का स्वागत किया। शताब्दी वर्ष पर निकलने वाला यह संचलन पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्त्तव्य एवं जागरण पर केंद्रित रहा । कार्यक्रम स्थल पर संघ के 100 वर्ष की यात्रा सेवा कार्य पंच परिवर्तन सहित अन्य विषय की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जानकारी जिला सह प्रचार प्रमुख देवेंद्र व्यास ने दी।

### संघ शताब्दी वर्ष पर महिदपुर में निकला ऐतिहासिक पथ संचलन



**महिदपुर।** नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शाम 5 .30 बजे पथ संचलन निकला। 5 घोष के साथ करीब 4 किलोमीटर नगर के मार्ग पर हजारों स्वयं सेवक कतारबद्ध होकर कदम ताल के साथ अनुशासन बद्ध होकर निकले। इस दौरान मार्गों पर पथ संचलन का पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया। संचलन की अगवानी में बाजार, गली, मोहल्लों में बच्चे-बड़े सभी आतुर दिखे। संचलन मार्ग पर पताकाएं लहरा रही थी व सुंदर रांगोली बनाई गई। राजेंद्र मार्ग पर माहेश्वरी समाज महिला मंडल द्वारा संचलन में निकलते हुए स्वयं सेवकों की आरती की गई। संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकले ऐतिहासिक पथ संचलन में शिवाजी बस्ती, माधव बस्ती, मधुकर बस्ती, केशव बस्ती, बजरंग बस्ती 5 बस्तियों के स्वयंसेवक शामिल हुए। पथ संचलन के पूर्व शासकीय अधिवक्ता व विभाग सहकार्यवाह मनीष गोयल का उद्बोधन हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी मोहन चिंतामणी करकरे थे। वहीं उज्जैन ग्रामीण जिला कार्यवाह महेंद्रसिंह चौहान भी मंचासीन थे। अतिथि परिचय नगर कार्यवाह विमल पाठक ने दिया। पथ संचलन के पूर्व मंडी में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, वरिष्ठ स्वयं सेवकों सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति की उपस्थित रही।

### भाकियू ने मनाई बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की जन्म जयंती





**घट्टिया।** भारतीय किसान यूनियन की उज्जैन जिला इकाई द्वारा अपने संगठन के संस्थापक किसान मसीहा बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 90 वीं जन्म जयंती 6 अक्टूम्बर को किसान जागृति दिवस के रूप में उज्जैन चिमनगंज अनाज मंडी स्थित श्री गणेश मन्दिर प्रांगण में यूनियन के जिला अध्यक्ष भगवान सिंह राजपूत की अध्यक्षता में मनाई गई। बाबा टिकैत के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों को सदैव सेवा के पथ पर रहकर बाबा के आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शिवनारायण शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पटेल, उज्जैन तहसील अध्यक्ष जयराम जाट, तराना तहसील अध्यक्ष जीवन शर्मा ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया । संजय शर्मा, अरुण व्यास, चरण सिंह जाट,आदि उपस्थित रहे ।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष चौहान का स्वागत किया



**खाचरौद।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैरुसिंह चौहान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत होने पर नगर आगमन पर सुमेरसिंह राठौर के निवास पर चौहान का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवस पर गजराज सिंह पंवार, राजेंद्रसिंह झाला, जिलाध्यक्ष जीवन सिंह तंवर, तहसील अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह डोडिया, नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह भुंवासा उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष चौहान ने कहा कि मैंने छोटे से कार्यकर्ता के रूप में समाज को संगठित करने का प्रयास शुरू किया था। जिसके लिए अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए लगातार 30 वर्षों से समाज हित में कार्य करते हुए आप सबके आशीर्वाद से 2006 में मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पद पर और फिर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए समाजिक कार्य करते हुए अब राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व मिला। इस दायित्व का निर्वहन अपने पूर्ण मनोयोग से करके समाज के लिये समर्पित भाव से कार्य करने का प्रयत्न करता रहूंगा। इसके लिए मुझे आप सभी समाज जनों का मार्ग दर्शन और सहयोग चाहिए। इस अवसर पर तहसील कार्यकारी अध्यक्ष सुमेरसिंह राठौर एवं युवा अध्यक्ष समितसिंह तंवर का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ठा .शिवनाथ सिंह चापानेर, युवराजसिंह भुंवासा, सुरेन्द्रसिंह कनवास, राजेन्द्रसिह नापाखेड़ी, चन्द्रसिंह खेड़ा, रामसिंह बड़ागाव सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी नगर अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह भुंवासा ने दी।

### विद्यार्थियों को दिया तनावमुक्त जीवन का संदेश

**खाचरौद।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बुरानाबाद में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह विद्यालय के प्राचार्य डीके मेहता, उप-प्राचार्य आरके सेजवार, समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यालय के काउंसलर नवीन चौधरी की उपस्थिति में सप्ताहभर चली विविध गतिविधियों में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, ध्यान सत्र, अवेयरनेस प्रोग्राम, स्ट्रेच एक्टिविटी, योग सत्र योग शिक्षक विनोद कौशल द्वारा तथा हेल्दी डाइट ऑन मिलेट्स (केटरिंग असिस्टेंट कु. संजना द्वारा) जैसे कार्यक्रम शामिल रहे। एचआईवी एवं टीबी संबंधी जागरूकता कार्यक्रम डीटीओ अरुण कुशवाहा, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल तथा बीएमओ डॉ. शिवराज कौशल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंसलर दिनेश परिहार ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा तनावमुक्त व स्वस्थ जीवनशैली के उपायों पर प्रकाश डाला।

# राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक में उठी दीपावली के पूर्व डी ए बढ़ाने की मांग

- **दो दिन में तीन बड़ी कार्रवाई, करोड़ों की शराब व मादक पदार्थ जब्त**

**उज्जैन। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की अखिल भारतीय 2 दिवसीय बैठक का शुभारंभ 5 अक्टूबर को महाकाल की नगरी, मोनीतीर्थ पीठ उज्जैन में अखिल भारतीय अध्यक्ष गौरव सोनी की अध्यक्षता में नगर निगम सभापति कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में शुरू हुआ।**

भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एमपी सिंह द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ राष्ट्रीय स्तर पर 18 प्रदेशों में गतिशील है। जिसका उद्देश्य समाज हित राष्ट हित कर्मचारी हित सर्वप्रथम हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में गौरव सोनी ने कहा कि हम सौभाग्य शाली है कि हम सभी संघ के शताब्दी वर्ष के साक्षी बन रहे हैं। संघ के आयामों पर विस्तृत जानकारी में कुटुंब प्रबोधन पर जोर दिया गया।

रामायण के वृत्तांत के साथ ही त्याग की भावना का भी विस्तृत वर्णन किया। मीडिया प्रचार प्रसार समिति के गुलशन मंसूरी व राकेश पाठक ने बताया कि 5 अक्टूबर की




बैठक में 18 प्रदेशों के महामंत्री एवं अध्यक्षों तथा अखिल भारतीय पदाधिकारी साथ ही भारतीय मजदूर संघ से उन्नीकृष्णन, प्रभारी राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के अखिल भारतीय महामंत्र राजेंद्र श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष के बी मेवाडे, प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित, एवं उज्जैन संभाग एवं जिले के पदाधिकारी द्वारा भाग लिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री जितेंद्र श्रीवास्तव एवं स्वागत भाषण हेमंत श्रीवास्तव के द्वारा व्यक्त किया गया एवं कर्मचारी हितेषी कार्य करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए केंद्र के समान प्रदेश के कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं पेंशनर्स को 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता दीपावली के पूर्व देने की मांग की। जिसे सहजता से निगम सभापति कलावती यादव के द्वारा बात को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए आश्वस्त किया है।

कर्मचारियों के लिए एवं महिला शक्ति निहारिका ठाकुर के द्वारा भारत नृत्य प्रस्तुति दी गई। संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव एवं कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव राम सिंह बनिहार,कर्मचारी संघ उज्जैन के पदाधिकारी एवं महिला शक्ति के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

## उज्जैन में हर्षोल्लास से मनाया मुनि श्री प्रणुत सागर जी का 12वां दीक्षा दिवस

- **देशभर से मुनिश्री के भक्त दीक्षा दिवस पर उज्जैन आए**
- **मुनि श्री के बाल्यकाल से लेकर दीक्षा तक के जीवन परिचय पर हुई नाट्य प्रस्तुति**
- **जिन माता-पिता को बच्चों ने त्याग दिया उनके लिये उज्जैन में बनेगा 'स्वर्ग'**

**उज्जैन। चातुर्मास साधनारत प्रसन्न मन: 108 मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज का 12वां दीक्षा दिवस सोमवार को अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ विशुद्ध देशना मंडप, महावीर मंदिर, लक्ष्मी नगर में मनाया गया।**

प्रात: 8 बजे शांतिनाथ मंदिर, लक्ष्मी नगर चौराहा से सैकड़ों श्रद्धालुओं का विशाल चल समारोह मुनि श्री को भक्ति भाव के साथ विशुद्ध देशना मंडप लेकर पहुँचा। कार्यक्रम का शुभारंभ पट्टाचार्य 108 मुनि श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को अर्घ्य समर्पित कर किया गया। इसके उपरांत विशुद्ध देशना मंडप में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज की पूजा-अर्चना कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष सपना गोधा (इंदौर) एवं संजय जैन (दिल्ली) का स्वागत किया गया। देशभर से मुनिश्री के अनेक श्रद्धालु भक्त दीक्षा दिवस के इस विशेष अवसर पर उज्जैन पधारे। मुनि श्री के बाल्यकाल से लेकर दीक्षा तक के जीवन परिचय पर आधारित एक आकर्षक नाट्य प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर उज्जैन के प्रसिद्ध समाजसेवी, श्रावक श्रेष्ठि एवं कॉलोनाइज़र अश्विन रूचि कासलीवाल द्वारा मुनि श्री की इच्छा अनुसार उज्जैन को एक स्थायी सौगात देने की घोषणा की गई। इस भव्य प्रकल्प का नाम 'स्वर्ग' होगा, जिसमें उन वयोवृद्ध जनों को स्थान दिया जाएगा जिनके बच्चे शहर के बाहर विदेश में रहते हैं या जिन माता-पिता को बच्चों ने त्याग दिया हो।

## अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में दर्शन परिषद के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ




**उज्जैन। अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ दर्शन परिषद का 21वां राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन कार्यक्रम 13 राज्यों के लगभग 200 से अधिक प्रतिभगियों की वरद उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अर्पण भारद्वाज कुलगुरू विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर दिल्ली, कार्यक्रम में परिषद के अध्यक्ष प्रो. भरत कुमार तिवारी एवं महामंत्री प्रो. श्रीकांत मिश्र की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। 21वें सत्र का अध्यक्षीय उद्बोधन प्रो. दीपा पाण्डे द्वारा दिया गया, कार्यक्रम में दर्शन परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सेवा और दर्शन दोनों का मिलन होना आवश्यक है। इसी कारण से अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम को चुना गया। दर्शन परिषद् मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की स्थापना 1994 में हुई जो हिंदी और भारतीय भाषाओं में मौलिक दार्शनिक चिंतन को बढ़ावा देती है, यह परिषद् क्षेत्रीय स्तर पर दर्शनशास्त्र के क्षेत्र में कार्य करती है एवं देश के विशिष्ठ दार्शनिकों की उपस्थिति में विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए जिनमें प्रमुख रूप से दर्शन श्री सम्मान प्रो. अम्बिका दत्त शर्मा, रायबहादुर डॉ. हीरालाल राय ग्रन्थ पुरस्कार डॉ. विजयकुमार मजफ्फरपुर, प्रो. सुरेन्द्र सिंह नेगी ग्रंथ पुरस्कार डॉ. महेश्वर मिश्र खगडिया, पूज्यपाद औघड गुरूपद संभवरावजी ग्रंथ पुरस्कार डॉ. सिन्ड्रेला आनन्द बोकाये सहित अनेक पुरस्कार एवं सम्मान विविध श्रेणी में सम्मानित किया गया।

> **दर्शन परिषद कर रहा सराहनीय कार्य**
>
> कुलगुरू विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन अर्पण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि दर्शन परिषद द्वारा सेवा की भूमि को अधिवेशन के लिए चुना यह बहुत ही अकल्पनीय है एवं यहां दर्शन शास्त्र के विविध रूप आपको देखने को मिलेंगे। दर्शन परिषद ने जो यह पुरस्कार प्रदान किए है वह काबिलेतारिफ है क्योंकि ऐसे सम्मानों के लिए अनेक मार्ग प्रशस्त करने पड़ते है किन्तु आज मैंने यहां शालिनता के साथ यहां पुरस्कार देते हुए एवं प्राप्त करते हुए देखा है वाकई में दर्शन परिषद बेहद सुन्दर कार्य कर रही है मेरी उक्त अधिवेशन में आए समस्त दर्शन शास्त्रियों को आभार एवं धन्यवाद। कार्यक्रम में कांता गोयल, मोनिका गोयल एवं राजकुमार अग्रवाल ने मंचासीन अतिथियों को मालवी पगड़ी एवं केसरिया दुपट्टे से सम्मानित किया।

## रंग बरसे सीजन 7 में गूंजे किशोर कुमार के गीत

**उज्जैन।** अगले जन्म में नहीं, मैं दूसरा, तीसरा चौथा, बल्कि हर जन्म में किशोर बनना चाहूंगा। यह जवाब गैलेक्सी ग्रुप द्वारा आयोजित रंग बरसे सीजन 7 में संस्था अध्यक्ष मनोज सुराणा द्वारा जू. किशोर (सुजीत दा) से पूछे गए प्रश्न क्या अगले जन्म में किशोर बनना चाहेंगे, के जवाब में मुंबई से आए जू. किशोर कुमार ने दिया।



अंजू सुराणा ने बताया कि सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास अकादमी, कोठी रोड पर आयोजित रंग बरसे सीजन 7 में किशोर कुमार के गीतों का रंग बरसा। किशोर कुमार को समर्पित इस संगीतमय शाम में जू. किशोर ने किशोर के द्वारा गाए प्यारे बंधुओं से शुरूआत कर मेरे सपनों की रानी, जिंदगी एक सफर है सुहाना, देखा ना हाय रे, सारा जमाना हसीनों का दीवाना, चला जाता हूं किसी की धुन में, मैं हूं झुमरू, पांच रूपया बारह आना, छोड़ दो आंचल, एक लड़की भीगी भागी सी जैसे गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शक बार-बार वन्स मोर, वन्स मोर करते रहे। इंडियन आईडल फाईनलिस्ट मेघा चौहान ने रिमझिम गिरे सावन और डूएट गाकर खूब तालियां बटोरी। वैदेही पंड्या की पेरोड़ी ने सबका दिल जीत लिया।

सुपर सिंगर जोड़ी लखन और जया अंबोदिया ने जिसका मुझे था इंतजार, हम दोनों दो प्रेमी से लेकर ओम शांति ओम तक किशोर कुमार के गीतों का कारवां चलता रहा। ये शाम-प्रशांत सोहले ने हाल कैसा है जनाब का, ये शाम मस्तानी विजय जोशी, कुनिका जैन ने रूप तेरा मस्ताना, वैभव जैन ने भी गीतों की प्रस्तुति दी। इसके पूर्व डॉ. सतविंदर कौर सलूजा ने अपने उद्बोधन में कहा गीत, संगीत, जीवन में तनाव को खत्म करते हैं और व्यक्ति को प्रसन्नचित्त बनाते हैं। कार्यक्रम में उद्योगपति सुनीता कलवाड़िया, अंजूसिंह जाट, नीना भाटी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

स्व. कमलकिशोर शर्मा गैलेक्सी अवार्ड 2025 जूनियर किशोर (सुजीत दा) को आलोक शर्मा, श्रध्दा शर्मा एवं अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

## पुलिस पेंशनर संघ ने स्थापना दिवस मनाया

**उज्जैन।** आनंद नगर स्थित मनकामेश्वर मंदिर के बगीचे में पुलिस पेंशनर संघ द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पेंशन संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए और स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदोरिया एवं प्रांतीयमीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सी के सोलंकीएवंम दौलत सिंह जोगावत उप पुलिस अधीक्षक एवं बायो वृद्ध श्री आरके पाल ने की। 2028 में उज्जैन जिले में महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। उज्जैन पुलिस पेंशनर संघ महाकुंभ में अपनी सेवा देगा जिसको लेकर चर्चा हुई और सभी ने अपने-अपने सुझाव रखें।




महाकुंभ में मध्य प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस पेंशनर संघ के सदस्य अपनी सेवाएं दे सकते हैं एवं बाहर से आए हुए पेंशनर्स संघ के सदस्यों को खोया पाया केंद्र पर ही ठहरने की व्यवस्था रहेगी यह प्रस्ताव पुलिस में पेंशनर संघ उज्जैन के द्वारा पुलिस अधीक्षक को चर्चा कर अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान 75 वर्ष से अधिक उम्र की सदस्य शिशुपाल सिंह कुशवाहा एवं राधा चरण तोमर का फूलों की माला पहनकर अभिनंदन किया। संगठन के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदोरिया के द्वारा पुलिस पेंशनर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री एमपी सिंह परिहार के द्वारा दिए गए संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि दौलत सिंह जोगावत ने संगठन के सभी सदस्यों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए संगठन के अच्छे-अच्छे कार्यों का विवरण दिया और सभी सदस्यों ने एक दूसरे से गले मिलकर दशहरे की बधाई दी। कार्यक्रम का आभार योगेंद्र सिंह सिंगर ने माना एवं मीठी यादों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**एक नजर** | **देशभर से जुटेंगे 500 से अधिक कवि**

# 8 से 11 जनवरी तक उज्जैन में होगा अंतरराष्ट्रीय ठहाका महोत्सव

**उज्जैन। साहित्य, कला और संस्कृति की त्रिवेणी एक बार फिर उज्जैन में बहेगी। अंतर्राष्ट्रीय ठहाका महोत्सव का आयोजन इस बार 8 से 11 जनवरी 2026 तक कालिदास अकादमी में किया जा रहा है। यह महोत्सव इस बार अपने 26वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और पहले से अधिक भव्यता के साथ आयोजित होगा।**



ठहाका महोत्सव के सचिव रितिक यादव ने बताया कि इस बार आयोजन में देशभर के नामचीन कवियों, साहित्यकारों, कलाकारों और हास्य कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। आयोजन को लेकर हाल ही में ठहाका निवास पर एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसमें शहर के प्रमुख साहित्यकारों और आयोजकों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चार दिवसीय ठहाका महोत्सव में कला, साहित्य और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिलेंगे। प्रत्येक दिन विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। महोत्सव में 8 जनवरी को ओपन माइक जिसमें पोएट्री और स्टैंड-अप कॉमेडी प्रस्तुत की जाएगी। 9 जनवरी को संगीत महोत्सव में विभिन्न संगीत विधाओं की प्रस्तुति। 10 जनवरी नृत्य महोत्सव में शास्त्रीय और लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां। 11 जनवरी सुबह 10 बजे कवि समागम में देशभर से आए 500 से अधिक कवि एवं कवयित्रियां मंच साझा करेंगे। 11 जनवरी शाम 7 बजे 26वां अंतर्राष्ट्रीय ठहाका सम्मेलन में फिल्मी कलाकारों के साथ-साथ लोकप्रिय कवियों और हास्य कलाकारों की जोरदार प्रस्तुतियां होंगी।

बैठक में मुख्य रूप से डॉ. महेन्द्र यादव, नरेन्द्र सिंह अकेला, अशोक भाटी, दिनेश दिग्गज, सुरेन्द्र सर्किट, कुमार संभव, सौरभ चातक, राहुल शर्मा, शबनम अली, नमिता नमन, प्रीति दीक्षित, रजनी नरवरिया, रवि भूषण श्रीवास्तव आदि प्रमुख साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। साथ ही आयोजन समिति के अन्य सदस्यों हरि सिंह यादव, रितिक यादव, मनोहर परमार, पं. विजय तिवारी, राजेन्द्र शाह, रोहित चौहान, आशीष खंडेलवाल, पं. लखन शर्मा, मनीष सोलंकी, नवीन सिसोदिया, जितेन्द्र जोशी सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल और यादगार बनाने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

> **आयोजन को लेकर पूरे शहर उत्साह**
>
> रितिक यादव ने बताया कि ठहाका महोत्सव न केवल हास्य और कविता का मंच है, बल्कि नवोदित और वरिष्ठ रचनाकारों को एक साथ जोड़ने का एक सुंदर अवसर भी है। आयोजन को लेकर उत्साह पूरे शहर में देखने को मिल रहा है और उम्मीद है कि यह महोत्सव उज्जैन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिलाएगा।